पंजाब का इकलौता आज़ाद सोच वाला अख़बार
# दैनिक भास्कर
SUNDAY
रविवार, 17 अगस्त, 2025


## राजीव गांधी नेशनल यूनि. ऑफ लॉ



पटियाला | राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ (आरजीएनयूएल) में 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कुलपति प्रो. (डॉ.) जय शंकर सिंह ने शहीदों की कुर्बानियों को नमन किया और छात्रों व कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और विद्यार्थियों के हितों की रक्षा का आश्वासन दिया और सभी को व्यक्तिगत विकास और सकारात्मक सोच पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया।